



# युवाओं ने ली नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 31 मई।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. दिलीप कटारे ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर समूह चर्चा, भाषण प्रतियोगिता तथा नशा मुक्ति शपथ सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज में जन-जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

### पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को पुलिस परेड ग्राउंड में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेष रूप से युवाओं को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अधिकारी, गणमान्य नागरिकों ने कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। अत: सभी नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को तंबाकू त्यागने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

# स्कूटी पर 6 पेटी शराब ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 31 मई।** बानमोर पुलिस ने 30 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बानमोरगांव रेलवे ओवरब्रिज के पास से स्कूटी पर शराब लेकर जा रहे जसरथ कुशवाह नि. कुतवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 30 हजार रूपये कीमती 6 पेटी देशी शराब सहित जूपिटर स्कूटर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

**पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, केस दर्ज :** अंबाह पुलिस ने मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी आकाश तोमर पुत्र शिवराम तोमर नि. मिढ़ैला की 30 मई को पुरानी रंजिश को लेकर रंगा उर्फ पुत्र पुष्पेन्द्र पुत्र रिंकू तोमर, शाका उर्फ सौरभ पुत्र कमल सिंह तोमर नि. मिढ़ैला, महेश उर्फ अभि तोमर पुत्र बृजेश नि. लेन रोड अंबाह, शिवा पुत्र हीरा सिंह तोमर नि. बरबाई ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

**महुआ में युवक की मारपीट का मामला दर्ज :** महुआ क्षेत्र के ग्राम पिपरई निवासी राजवीर शर्मा पुत्र इंद्रजीत शर्मा की 30 मई को दीपक पुत्र मुरारीलाल शर्मा नि. आमलीपुरा, मनोज शर्मा, दिनेश शर्मा नि. पिपरई ने गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

# नाबालिग साली से दुष्कर्म के मामले में आरोपी जीजा गिरफ्तार



**सरायछौला क्षेत्र के गौसपुर गांव का मामला**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 31 मई।** नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म और गर्भ को गिराए जाने के मामले में आरोपी जीजा सज्जन सिंह को सरायछौला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सरायछौला क्षेत्र के ग्राम गौसपुर निवासी 16 वर्षीय पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पीड़िता ने अपने जीजा सज्जन सिंह 21 पुत्र ऊदल सिंह निवासी ग्राम पलपुरा बसई पर दुष्कर्म किए जाने के आरोप लगाए थे। पीड़िता ने अपने बयानों में बताया था कि दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने पर आरोपी जीजा ने गर्भ को गिराने के लिए उसे दवा भी खिलाई थी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी जीजा सज्जन सिंह के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। जिसके बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। 31 मई को पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी जीजा को मृगपुरा की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में यह रहे शामिल :** थाना प्रभारी एसआई केके सिंह, प्र.आर. हाकिम सिंह, अनिल भंडारी, आरक्षक योगेन्द्र सिंह, महेश मिर्धा, रामराज सिंह, रामकुमार, रामनिवास, धर्मेन्द्र जाट, आरक्षक चालक वीरेन्द्र सिंह आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल थे।

### 49 क्वार्टर देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 31 मई।** अंबाह पुलिस ने 30 मई को कस्बे में गल्लामंडी के पास से अजय पुत्र रामहेत राठौर निवासी खजूरी रोड अंबाह को पकड़ा। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी शराब के 19 क्वार्टर बरामद किए। उधर दिमनी पुलिस ने बरेथा गांव में दुकान से शराब का अवैध रूप ये विक्रय करते हुए कुलदीप पुत्र नवल सिंह परमार को दबोचा। उसके पास से 30 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों की पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले दर्ज कर लिए है।

# टीईटी अनिवार्यता के फैसले से शिक्षकों में रोष, करेंगे आंदोलन



**2028 तक परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता का विरोध, केन्द्र सरकार से अध्यादेश लाए जाने की मांग**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 31 मई।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी कार्यरत शिक्षकों के लिए वर्ष- 2028 तक टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के फैसले के विरोध में शिक्षक संगठनों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है।

रविवार को मुरैना शहर के चंबल कॉलोनी पार्क में आयोजित संयुक्त मोर्चा की आपात बैठक में शिक्षकों ने फैसले के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करने का ऐलान किया।

संयुक्त मोर्चा के मुन्नालाल शर्मा और जनक सिंह रावत ने कहा है कि वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों पर अब परीक्षा की अनिवार्यता थोपना न्यायसंगत नहीं है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आंदोलन के तहत पहले चरण में सांसदों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे, इसके बाद दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जनक सिंह रावत और नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने के लिए केंद्र सरकार संसद में अध्यादेश लाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार खेल के बीच में नियम बदलना उचित नहीं होता, उसी प्रकार सेवाकाल के दौरान नियमों में बदलाव किया जाना न्याय संगत नहीं है। बैठक में रविंद्र सिंह गौड़, बनवारीलाल, राजेंद्र सिंह, महेश यादव, यशवंत सिंह, नृपत शाक्य, कोमल सिंह कुशवाह, शिशुपाल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।





**तम्बाकू निषेध दिवस**

# जेल में बंदियों ने तम्बाकू छोड़ने का लिया संकल्प

**जेल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजन, तंबाकू मुक्त समाज बनाने का आव्हान**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 31 मई।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मुरैना यूथ अकादमी ने मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सहयोग से जिला जेल मुरैना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान बंदियों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी देकर तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में संस्था प्रतिनिधि संदीप सेंगर ने कहा कि निकोटीन और तंबाकू की लत कैंसर, हृदय रोग, आर्थिक नुकसान तथा सामाजिक प्रतिष्ठा को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से दूरी, स्वस्थ जीवन के लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ ही तंबाकू त्याग केंद्रों एवं हेल्पलाइन सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। मप्र जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अनिल मोदी ने कहा कि युवा तेजी से तंबाकू की गिरफ्त में आ रहे हैं। नशा व्यक्ति की सोच और जीवन दोनों को प्रभावित करता है, इसलिए सभी प्रकार के नशे से दूर रहना आवश्यक है।

### ताईक्वाण्डो ट्रेनिंग ले रहे युवाओं को किया जागरुक

संस्था द्वारा मुरैना शहर की वाटरवर्क्स कॉलोनी में संचालित अभ्युदय आश्रम में चल रहे ताईक्वाण्डों प्रशिक्षण में शामिल छात्र-छात्राओं को तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग, जेल प्रशासन और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

# सम्मान का संदेश : महापुरुषों की प्रतिमाओं पर जमी धूल हटाई

**सेवा समर्पण सप्ताह के तहत समाजसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 31 मई।** अमर शहीद बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान ने सेवा समर्पण सप्ताह के तहत शहर के विभिन्न स्मारक स्थलों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर प्रतिमाओं की सफाई की और आसपास फैली गंदगी हटाई।

इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक मूल्यों की प्रतीक हैं। इनके सम्मान और संरक्षण की जिम्मेदारी समाज की भी है। उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थलों की नियमित सफाई और सौंदर्यीकरण से युवा पीढ़ी को महापुरुषों के आदर्शों से जुड़ने का अवसर मिलता है। अभियान के दौरान नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और महापुरुषों के सम्मान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर विमलेश यादव, सतंजय मिश्रा, रामावतार सिंह चंबल, जगदीश शर्मा, रघुराज परमार, कमलेश शर्मा, डॉ. हरेंद्र तोमर सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।



## एक नजर में

### जौरा में महिला से मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना, 31 मई।** जौरा पुलिस ने महिला से मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार श्रीमती प्रीति सविता 35 पत्नी प्रकाश सविता नि. ब्लॉक पुरा की 29 मई को धीरज सविता पुत्र विजय सविता ने गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

### जौरा-सबलगढ़ में मारपीट के 2 अलग-अलग मामले दर्ज

**मुरैना।** जौरा एवं सबलगढ़ थानों की पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए है। जौरा पुलिस ने महिला कविता गुर्जर पत्नी रामेश्वर गुर्जर नि. कौआ खोह की रिपोर्ट पर बंटी गुर्जर, भीकम गुर्जर, जंडेल गुर्जर के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। उधर सबलगढ़ पुलिस ने विकास पुत्र अशोक तिवारी नि. गुलालई की रिपोर्ट पर मोनू गुर्जर नि. गंज सबलगढ़ के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### काचीगुडा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस अब नियमित नंबर से चलेगी

**भोपाल, 30 मई.** यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने काचीगुडा-श्री गंगानगर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को अब नियमित नंबर के साथ चलाने का निर्णय लिया है. पहले यह ट्रेन स्पेशल सेवा के रूप में (07053/07054) संचालित हो रही थी, जिसे अब 17601/17602 नियमित ट्रेन नंबर के तहत चलाया जाएगा. रेल प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या 17601 काचीगुडा से हर शनिवार रात 22:00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन सोमवार रात 21:30 बजे श्री गंगानगर पहुंचेगी. वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 17602 श्री गंगानगर से मंगलवार सुबह 06:55 बजे प्रस्थान कर गुरुवार सुबह 07:15 बजे काचीगुडा पहुंचेगी. यह ट्रेन हरदा, इटारसी और भोपाल सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेगी, जिससे मध्य प्रदेश के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा. इसके अलावा यह ट्रेन उज्जैन, कोटा, जयपुर, बीकानेर और अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरेगी. रेलवे ने बताया कि ट्रेन में 2 एसी सेकेंड क्लास, 8 एसी थर्ड क्लास, 6 स्लीपर और 4 जनरल कोच सहित कुल 22 कोच होंगे. यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे विस्तृत समय-सारणी और उपलब्धता की जानकारी एनटीईएस ऐप या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त करें.

# कवि राजवीर को फिर से हिन्दी साहित्य में मिले दो पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 31 मई।** सबलगढ़ के वरिष्ठ कवि राजवीर सिंह जादौन को श्री हिंदी पुस्तकालय डीग (राजस्थान) की बहुत बड़ी संस्था जो कि प्रतिवर्ष साहित्य की हर विधा में प्रविष्टियां आमंत्रित करती है।



वर्ष 2026 के लिए देश विदेशों से भी प्रविष्ठियां प्राप्त हुई जिनमें सबलगढ़ के चर्चित साहित्यकार कवि राजवीर सिकरवार को दो पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। पहला पुरस्कार विमला देवी/अमरचंद सर्राफ स्मृति पुरस्कार 11000 और दूसरा श्री हरे कृष्ण कमलेश स्मृति पुरस्कार 5100 रुपए के लिए चयनित किया गया है। कवि राजवीर सिकरवार इस संस्था द्वारा विगत 10 वर्षों से लगातार सम्मानित होने वाले पहले साहित्यकार हैं।

इस वर्ष उनकी 6 प्रविष्टियों में से पांच प्रविष्टियों को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया परंतु संस्था के नियमों के अनुसार एक भाषा वर्ग में केवल एक ही पुरस्कार देय है।

इसलिए उनके तीन पुरस्कारों को उनके बाद दूसरे नंबर पर आने वाले साहित्यकारों को प्रदान किया गया। हिंदी भाषा वर्ग में पहला पुरस्कार तथा ब्रजभाषा वर्ग में दूसरा पुरस्कार उन्हें प्रदान किया गया है। यह सम्मान सबलगढ़ क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्हें इन सम्मानों के लिए उनके मित्र सभी पत्रकार बंधु, सामाजिक कार्यकर्ता और नगर वासियों ने बधाई दी है।

## ऑटो ड्राईवर के विरुद्ध धारा-106 का मामला दर्ज

**मुरैना, 31 मई।** बानमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विगत 15 मई को ग्राम पारौली के पास ऑटो क्रं. एमपी07-आर-7304 के चालक ने महिला श्रीमती हेमलता शर्मा 45 पत्नी दिनेश तिवारी और आशीष तिवारी 24 पुत्र दिनेश तिवारी नि. भांकरी थाना रिठौरा को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान हेमलता शर्मा की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद ऑटो ड्राईवर के विरुद्ध धारा-106 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# आदिवासी अधिकारों को मजबूत करेगी कांग्रेस

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 31 मई. मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक शनिवार को भोपाल स्थित इंदिरा भवन में आयोजित की गई.**

बैठक में आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को प्रदेशभर में और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल सहित वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा, बाला बच्चन, सुखदेव पांसे, पी.सी. शर्मा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम और महेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे.




बैठक में आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा तथा आदिवासियों के साथ होने वाले कथित अन्याय के खिलाफ संघर्ष को तेज करने पर विस्तृत चर्चा हुई. नेताओं ने संकल्प दोहराया कि आदिवासी समाज की आवाज को हर स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा तथा उनके सम्मान, अधिकारों और न्याय के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा.

## आम सूचना

श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री विजेन्द्र सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम मुरैना गांव, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.07 (दाऊ वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1244 ग्राम मुरैनागांव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है - पूर्व में भूखण्ड सिकरवार, पश्चिम में भूखण्ड पण्डित जी, उत्तर में भूखण्ड अन्य एवं दक्षिण में रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सोनू यादव एवं श्री अजय यादव पुत्रगण श्री राजपाल सिंह यादव के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री सोनू यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रामकली पत्नी श्री गिर्राज को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 257920241574181 दिनांक 13.05.2024 से विक्रय की गई थी। श्रीमती रामकली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री विजेन्द्र सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 27 आईजीआर 17912025ए100515987 दिनांक 24.06.2025 से विक्रय की गई थी। श्रीमती गुड्डी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**